### खबर संक्षेप

## जनशिक्षक व बीएसी करें हर दिन 2 स्कूलों का निरीक्षण

**कटनी।** जिला परियोजना समन्वियक प्रेमनारायण तिवारी ने प्रत्येक जनशिक्षक एवं बीएसी को प्रतिदिवस कम से कम दो शालाओं की अकादमिक मॉनीटरिंग कर बीआरसीसी को प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं। डीपीसी ने निर्देशित किया है कि समस्त बीआरसीसी व एपीसी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा निर्देशित लक्ष्य अनुसार मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र में प्रस्तुत करें। शनिवार को कार्यालयीन अवकाश रहने की स्थिति में सभी एपीसी, बीआरसीसी, बीएसी, सीएसी अतिआवश्यक रूप से तीन-तीन शालाओं का निरीक्षण करें। मॉनीटरिंग के दौरान प्रत्येक कक्षा का अकादमिक अवलोकन करते हुए आवश्यकता अनुसार अकादमिक सहयोग प्रदान कर प्रत्येक कक्षा के अवलोकन की अकादमिक स्थिति अपनी अवलोकन रिपोर्ट पर स्पष्ट रूप से लिखें। शाला अवलोकन टीप में अकादमिक विश्लेषण न होने पर मॉनीटरिंगकर्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। सभी जनपद शिक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि आगामी माह जुलाई पेड अगस्त 2025 से विकासखण्ड में पदस्थ मैदानी अमले के कर्मचारी जिसमे शामिल बीएसी, जनशिक्षक एवं एमआरसी उपयंत्री का वेतन आहरण हेतु प्रत्येक माह की 20 से 21 तारीख के मध्य की अवधि संगणित की जाय।

## पिछले साल से 231.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 13 जुलाई तक कुल 523.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 667.8 मिमी वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 157.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 231.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। कटनी तहसील में 504.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 630.4 मिमी, बड़वारा में 445 मिमी, बरही में 415 मिमी और विजयराघवगढ़ में 547.7 मिमी, बहोरीबंद में कुल 511.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद में 667.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा में 466.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## संक्रामक बीमारियों के प्रबंधन गठित की गई रेस्पांकस टीम

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दौरान संभावित संक्रामक बीमारियों के प्रबंधन हेतु कलेक्टंर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही किसी भी प्रकार की महामारी से निपटने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर रेपिड रेस्पांस टीम या काम्बेट टीम का गठन किया गया है।

### किसानों को अब विकासखंड मुख्यालय मे ही मिलेगी मिट्टी परीक्षण की सुविधा

# 25 लाख से बनी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का 7 सालों बाद खुला ताला, किसानों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकाडखंड के 35 हजार से अधिक किसानों को अब मिट्टी परीक्षण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। विकासखंड मुख्यालय में किसानों के खेतों के मिट्टी नमूने की जाँच हो जाएगी। विगत 7 वर्षो से बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला जो तालो मै कैद थी, वह अब ताला मुक्त हो गईं हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के द्वारा मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के संचालन हेतु तकनीकी स्टॉफ की नियुक्ति कर दी गईं हैं जिसके बाद परीक्षण प्रयोगशाला तालस से मुक्त हो गईं।

गौरतलब हैं कि बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय में वर्ष 2017-18 मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भवन बनाया गया था तकनीकी स्टॉफ की पदस्थापना न होने से महज दिखावा बनकर रह गया था। 7 वर्षो के बाद भी उक्त मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भवन में ताला लटक रहा था जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था

बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय में 25 लाख रुपये की लागत राशि से मृदा परीक्षण प्रयोगशाला निर्मित हुई थी लेकिन शासन स्तर से तकनीकी स्टाफ की पदस्थापना नही किये जाने के कारण मिट्टी के सैंपल नही लिए जा पाए जिस कारण मिट्टी के सैम्पल जांच के लिए जिला मुख्यालय भेजे जाते थे जिस कारण परीक्षण में समय लगता था।

### जांच के बाद मिल सकेगी सलाह

विकासखंड के किसानों ने अनेकों बार मांग कि मृदा परीक्षण प्रयोगशाला अति शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि बहोरीबंद में ही खेतों की मिट्टी के सैंपल की जांच का लाभ किसानों को मिल सके। तथा मिट्टी की उर्वरता के संबंध में सलाह भी प्राप्त हो सके क्योंकि जांच से यह पता लगाया जा सके कि किस खेत की मिट्टी में कौन से पोषक तत्व की कमी है। एवं संबंधित किसान को सलाह दी जा सके कि उसे अपने खेत में अच्छी उपज के लिए किस पोषक तत्व से युक्त हैं।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

मृदा परीक्षण प्रयोगशाला शुरू होने के बाद शनिवार को बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने एसएडीओ आर के चतुर्वेदी के साथ मृदा परीक्षण प्रयोगशाला पहुंचकर तकनीकी स्टॉफ से मृदा परीक्षण को लेकर जरूरी जानकारी ली ओर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने उपकरणो का भी अवलोकन किया साथ ही तकनीकी स्टॉफ को निर्देशित किया कि मृदा परीक्षण कराने आने वाले किसानों को परेशानी न उठानी पड़े समयावधि मै किसानों के मिट्टी परीक्षण का कार्य हो जाये

### अब परेशानी से मिलेगी राहत

वहीं कृषि विभाग के एसएडीओ आर के चतुर्वेदी ने कहा कि विकासखण्ड मुख्यालय मैं बने मृदा परीक्षण प्रयोशाला भवन मै तकनीकी स्टॉफ नहीं था जिस कारण मिट्टी परीक्षण नहीं हो पा रहा था। तकनीकी स्टॉफ की पदस्थापना हो इसके लिए अनेकों बार विभागीय अधिकारियो को पत्राचार कर मांग की गईं। फ्लस्वरूप अब तकनीकी स्टॉफ की पदस्थापना हो गईं है जिस कारण किसानों को अब मिट्टी परीक्षण का लाभ मिलेगा ओर उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## दूसरे जिलों की मंडियों में कटनी के टमाटर की खासी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कटनी जिले में टमाटर की खेती के लिए मृदा एवं जलवायु की अनुकूलता के कारण किसानों द्वारा सब्जी फसलों में टमाटर को प्राथमिकता दी जाती है। हार्टीकल्चर एरिया प्रोडेक्शन इन्फारमेशन सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार कटनी जिले में टमाटर का रकवा 3 हजार 110 हैक्टेयर तथा उत्पादन लगभग 500 से 600 मैट्रिक टन अनुमानित है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को जिले मे टमाटर फसलोच्छादन क्षेत्र में और अधिक इजाफा करनें के निर्देश दिए है। टमाटर उत्पादन के नजरिये से जिले की अनुकूल परिस्थितियों के मद्देनजर यहां के टमाटर का स्वाद और गुणवत्ता बेहतर होती है। जिससे जबलपुर, शहडोल सहित आस-पास के जिलों की कृषि उपज मंडियों में इसकी खासी मांग बनी रहती है। अन्य जगहों के टमाटरों की तुलना मे कटनी का टमाटर ज्यादा दिनों तक चलता है। इसलिए कटनी के टमाटर के जायके के दीवानों की संख्या जितनी कटनी में है, उससे कहीं अधिक संख्या अन्य जिलों मे है।

सहायक संचालक उद्यानिकी एस.के. त्रिपाठी बताते है कि कटनी जिले में विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के ग्राम इमलिया मुडवारी क्षेत्र एवं अन्य विकासखण्डों में टमाटर की खेती की जा रही है। जिसमे विकासखण्ड कटनी के ग्राम कन्हवारा क्षेत्र के ग्रामो में विकासखण्ड रीठी, रैपुर, ढुढरी क्षेत्र में कई ग्रामो में विकासखण्ड बहोरीबंद के तेवरी क्षेत्र में विकासखण्ड बड़वार, भजिया भुडसा क्षेत्र तथा विजयराघवगढ़, कुंदरेही, भैसवाही क्षेत्र के ग्रामों में बहुतायत की जाती है।

उद्यान विभाग से सब्जी फसल क्षेत्र विस्तार में टमाटर फसल को ही प्राथमिकता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में टमाटर की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 170 हेक्टेयर में संकर टमाटर का क्षेत्र विस्तार किया गया है। जिसमें ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से योजना के पैकेज अनुसार संकर टमाटर बीज, आई.एन.एम., आई.पी.एम., सामग्री पर 20 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के मान से जिले के कृषको को अनुदान सहायता प्रदान की गई है। किसानो की आय में वृद्धि तथा सब्जियों में रसायनों के उपयोग को कम करने या बंद करने के उद्देश्य से जैविक खेती, प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार कर कृषको को सलाह दी जा रही है।

### बहोरीबंद विकासखंड में 30 हजार हेक्टेयर लक्ष्य किया गया है निर्धारित

## कृषि कार्य ने पकड़ी रफ्तार, विभागीय अमले ने खेतों में जाकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



जिले में अच्छी बारिश के बाद खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की रोपाई का कार्य तेज हो गया है। अधिक बारिश की वजह से खेतों में जलभराव भी हो गया है इससे किसान चिंतित रहे लेकिन बारिश थमने के बाद किसानों को समय मिल गया है। फसलों में खाद का छिडक़ाव कर बेहतर उत्पादन के लिए तैयारी की जा रही है।

कृषि विभाग के द्वारा बहोरीबंद विकासखंड में इस बार खरीफ सीजन का लक्ष्य 30 हजार हैक्टेयर निर्धारित किया गया है जिसमें अच्छी बारिश हो जाने से 25 हजार हैक्टेयर में धान रोपाई कार्य होगा। 2-2 हजार हैक्टेयर में अरहर व तिल के साथ ही 1-1 हजार हैक्टेयर में वर्षा कालीन मूंग-उडद फसल शामिल है।

कृषि विभाग का अमला खेतों में पहुंचा तथा किसानों को रोपाई कार्य सहित आवश्यक जानकारियाँ दे रहा है। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आर के चतुर्वेदी ग्राम सिदुरसी, नीमखेड़ा, कुआँ, जुजावल पहुंचकर रोपा लगाने वाले किसान एवं कुशल श्रमिकों की फील्ड संगोष्ठी आयोजित की गईं जिसमें धान रोपा पद्दति की मेडागास्कर पद्दति की उन्नत कृषि तकनीक से अवगत कराया गया।

एसएडीओ आर के चतुर्वेदी ने खेतों में जाकर धान रोपा लगाकर विधि बतलाई। कृषको को उत्पादन दोगुना करने तथा खेती को लाभ का धंधा बनाने की सलाह देते हुए उन्नत बीज, बीज उपचार, संतुलित खाद प्रयोग, सघन चलाई सिंचाई व पौध संरक्षण कार्यक्रम समयबद्द तरीके से अपनाने की बात समझाई। किसानों से कहा कि खेत की तैयारी में संतुलित खाद डीएपी या सिंगल सुपर फास्फेट के साथ प्रति एकड़ 15 किलो पोटाश एवं 5 से 10 किलो सल्फर खाद का प्रयोग अनिर्वाय करें। रोपा लगाने के बाद अधिकतम 72 घंटे के पहले पाइराजोसल्यूशन इथाइल नामक खरपतवार नाशी 80 ग्राम को रेत या यूरिया खाद मै मिलाकर प्रयोग करें। रोपा लगाने के 8 से 10 दिन बाद 20 किलो यूरिया तथा 10 किलो सगरिका प्रति एकड़ प्रयोग से पौध ग्रोथ की स्थिति अच्छी रहती है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो ने भी खेतों मै जाकर किसानों को जानकारी दी।

### सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, हत्या का आरोप



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत से क्षेत्र में तनाव फैल गया है। झिरिया गांव निवासी उमेश कोल टीकर गांव स्थित अपनी ससुराल में शनिवार को एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां ससुराल के घर के पीछे उसका शव मिला। मृतक के परिजनों ने ससुर कंछेदी कोल पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को आजाद चौक पर रखकर चक्का जाम कर दिया। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समझाइश के बाद परिजनों ने चक्का जाम खत्म किया।

## डाइट टीम ने किया माध्यमिक शाला खिरहनी एवं बरग़वाँ का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देशन में डाइट टीमने माध्यमिक शाला खिरहनी एवं माध्यमिक शाला बरग़वाँ का भ्रमण किया और कक्षा 3 के बच्चों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित आकलन किया।

खिरहनी स्कूल में प्रधानाध्यापक श्री सोलंकी एवं शिक्षिकाओ के प्रयास सराहनीय रहे। वर्तमान सत्र में विद्यालय में छात्र संख्या 514 हो है। जबकि पिछले सत्र में यह संख्याक 489 थी। सभी बच्चे नया सीखने के उत्साह से भरे हुए हैं। विद्यार्थियों का अकादमिक स्तर संतोषजनक पाया गया। कक्षा 6 के छात्रों ने गणितीय अवधारणा कोण को सीखने में डीएलएड छात्राध्यापक विकास के साथ अपेक्षित जिज्ञासा का प्रदर्शन किया। बच्चे डिजिटल बोर्ड का उपयोग बड़ी सहजता से करते पाए गए। बरग़वाँ में समय विभाग चक्र को व्यवस्थित बनाने, प्रत्येक बच्चे का पुस्तकालय कार्ड बनाने तथा छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए। दोनों विद्यालयों में छात्रों का स्तर संतोषजनक पाए जाने पर शिक्षिका शांति तिर्की एवं प्रभा सिंह की सराहना की गई।

उल्लेखनीय है कि डाइट कटनी द्वारा लगभग 30 छात्राध्यापकों को स्कूलों में भेजकर कक्षा छः के छात्रों से मिलकर उनका गणित विषय में आकलन किया गया है। जिसके आधार पर सुधार हेतु आगामी रणनीति तैयार की जाएगी!वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी द्वारा सुधार हेतु त्वरित उपाय करने के लिए शिक्षकों से संवाद किया गया। शिक्षिकाओ ने जानकारी दी कि परिसर में अनुपयोगी भवन के डिस्मेंटल नहीं होने से छात्रों की गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। इस संबंध में बीआरसीसी कटनी को अवगत कराया गया है।

### ग्राम पंचायत अमरगढ़ एवं बाकल में आपदा एवं प्रबंधन की आयोजित बैठक में एसडीएम ने दिए निर्देश

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव को लेकर सभी तैयारियां रखें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



वर्षा काल का समय चल रहा हैं। आये दिन हो रही बारिश से बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। सुहार नदी के उफान पर चलने से गाड़ा पड़रिया पुल डूबा हुआ हैं। ठीक इसी प्रकार के हालात पठार अंचल मै भी देखने को मिल रहे हैं। बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव को लेकर ग्राम पंचायत अमरगढ़ व बाकल में आपदा एवं प्रबंधन की बैठक आयोजित की गईं। बैठक में एसडीएम ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव की सभी तैयारियां पहले से ही पुख्ता कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, तहसीलदार नेहा जैन, नायब तहसीलदार आदित्य प्रसाद द्विवेदी, थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, प्रतिमा सिंह चंदेल, परामर्शदाता अवधेश बैरागी सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव ओर रोजगार सहायकों की मौजूदगी रही।

बैठक में एसडीएम ने कहा कि ऐसी नदियां एवं उसके किनारे पर जिनमें जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ आती है या बाढ़ की संभावना रहती है,तों खतरे के जल स्तर का चिन्हांकित करें। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष तैयार करने, प्राकृतिक जलाशय एवं जल निकास के लिये नालियों की सफाई, जलाशयों के किनारे अतिक्रमण हटाने,बाढ़ की पूर्व सूचना की व्यवस्था करने और आपातकालीन कार्यवाही के लिये आवश्यक सेवाओं के रख-रखाव, समन्वय, आवश्यक वस्तुओं का भंडारण, दवाई व चिकित्सक दल, पशु चिकित्सा सेवायें, स्वास्थ्य व स्वच्छता, पेयजल, अस्थायी शिविर, अतिरिक्त खाद्यान्न की व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे संवेदनशीलता के साथ इस दिशा में कार्य करें। बाढ़ नियंत्रण संबंधी तैयारियों के साथ ही जनजागृति अभियान चलाकर लोगों को बाढ़ से बचने की जानकारी दें।

बाढ़ संभावित ग्रामों और पहुंचविहीन ग्रामों में अग्रिम राशन, जर्जर भवनों का चिन्हांकन, नाला-नालियों की सफाई, पशुओं का टीकाकरण, चारा-भूसे की पर्याप्त उपलब्धता, क्लोरिनेशन, रेस्क्यू स्थल मैपिंग, बाढ़ बचाव सामग्री एवं आवश्यक उपकरणों, लाइफ जैकेट, होमगार्ड तैराकों की व्यवस्था, प्राइवेट रिसोर्स मैपिंग आदि सुनिश्चित कराए।

### महापौर ने की सुचारू जलापूर्ति हेतु विद्युतीकरण के विकास कार्यों की समीक्षा

## समस्याओं का निराकरण कर विकास कार्यों से लाभान्वित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी के माध्यम से नागरिकों को बेहतर विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने, सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु फिल्टर प्लांट में सेपरेट फीडर की स्थापना सहित प्रेमनगर बस्ती स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री मुकेश महोबे एवं नगर निगम के विद्युत शाखा के अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा सहित निगम के विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही। बैठक में महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों की सुविधा एवं नगर विकास हेतु नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले विद्युत आपूर्ति के विकास को शीघ्रता से पूर्ण करने में आ रही समस्याओं तथा उनके निराकरण हेतु विस्तार से चर्चा की गई। तथा अधीक्षण अभियंता श्री महोबे से नगर विकास के कार्यों में आने वाली समस्याओं के निराकरण में विभागीय सहयोग प्रदान करने की बात कही गई।

बैठक के दौरान नागरिकों की पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने हेतु फिल्टर प्लांट को 24 x 7 विद्युत सप्लाई हेतु सेपरेट फीडर की सुविधा शीघ्रता से प्रदान किए जाने हेतु प्रचलित कार्य के संबंध में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा चर्चा की गई। जिस पर अधीक्षण अभियंता द्वारा जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया गया।

वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती के आवासों में विद्युत व्यवस्था प्रदान करने के संबंध में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में चर्चा के दौरान अधीक्षण अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि निगम कार्यालय द्वारा प्रेषित एस्टीमेट को स्वीकृति हेतु वरिष्ठ कार्यालय की ओर प्रेषित किया जा चुका है। स्वीकृति प्राप्त होते ही डिमांड नोटिस जारी किया जाकर निगम से शुल्क आदि जमा करवाते हुए विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।


नगर निगम के वार्ड क्रमांक 18 एवं 21 में नागरिकों की प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर चार्ज कर चालू करने हेतु महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शट डाउन की स्वीकृति हेतु अधीक्षण अभियंता से चर्चा की गई । जिसपर अधीक्षण अभियंता श्री महोबे द्वारा निगम के अधिकारियों से कार्य के वर्क ऑर्डर आदि की जानकारी चाहे जाने पर अधिकारियों द्वारा वार्ड क्रमांक 18 का वर्क ऑर्डर 2020 का होने तथा 1 घंटे का शट डाउन किए जाने तथा वार्ड क्रमांक 21 का वर्क ऑर्डर 2024 का होने के साथ ही दो दो घंटे का शट डाउन की स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। जिसपर अधीक्षण अभियंता द्वारा नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कराते हुए स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बैठक के दौरान नागरिकों की सुगम एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति हेतु नदीपार स्थित बालाजी नगर, रफी अहमद किदवई वार्ड, जागृति कॉलोनी ,शिव नगर, छपवाह, मंगलनगर के नागरिकों को होने वाली विद्युत समस्या के संबंध में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की जाकर समस्या का शीघ्र निराकरण किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## जलभराव की समस्या का शीघ्रता से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

अतिवर्षा के दौरान जलप्लावन की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा तत्परता से कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गों की सफाई के साथ ही जल प्लावन वाले संभावित नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुचारू जल निकासी के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर के नाले एवं नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रविवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से बरगवां एलआईसी कार्यालय के पास स्थित नाले, नेहरू वार्ड, वार्ड क्रमांक 27 मुख्य मार्ग लाल बिल्डिंग के पास के नाले की सफाई सहित वार्ड क्रमांक 44 स्थित कुम्हार मोहल्ले में कच्ची नाली निर्माण कर जल निकासी का कार्य किया गया। वहीं सुगमता से वर्षा जल निकासी हेतु सागर पुलिया, वार्ड क्रमांक 3 स्थित गहोई कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 16 स्थित जागृति कॉलोनी कावस जी वार्ड स्थित बारडोली कॉलेज के पीछे स्थित बस्ती की विभिन्न नालियों की सफाई सहित मोहन घाट के बड़े नाले सहित नदियों से मिलने वाले अन्य बड़े नालों की सफाई कराई गई।

## खबर संक्षेप



### खतरनाक तरीके से परिवहन पर कार्यवाही

**कटनी।** यातायात पुलिस ने एक मालवाहक वाहन को क्षमता से अधिक लापरवाही पूर्वक सामान ले जाते हुए पकड़ा। मालवाहक में सामान इस तरह लोड था कि उससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान माधवनगर गेट में एक मालवाहक वाहन क्रमांक MP-21-ZF-0607 का चालक वाहन में खतरनाक तरीके से बिना किसी सुरक्षा के माल लोड कर परिवहन कर रहा था। जिसे मौके पर रोक कर चैक किया गया तो मालवाहक चालक ने मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक माल खतरनाक तरीके से लोड किया था। जिससे परिवहन करते समय दुर्घटना घटित हो सकती थी। कार्यवाही कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश करने की कार्यवाही की गई।

### चैक अनादरण के दो मामलों में कारावास एवं अर्थदंड की सजा

**कटनी ।** चैक अनादरण के दो अलग अलग मामलों में न्यायालय ने आरोपित को 3 माह के कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी राकेश पटेल पिता फूलचंद पटेल निवासी-ग्राम- खरखरी, पोस्ट-परौहा पिपरिया, तहसील-रीठी ने ज्योति मोटर्स से एक थ्रेसर क्रय करके 1 लाख 10 हजार रूपए का चैक दिया था। उक्त चैक अनादरण की सूचना मिलने के बाद भी आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया था। मामला न्यायालय में पहुंचा। विचारण न्यायालय श्रीमती स्मृति पटेल सिविल कोर्ट झिंझरी कटनी ने आरोपी को चैक अनादरण के अपराध का दोष सिद्ध पाते हुए 1,94,030 रूपए का अर्थदंड एवं 3 माह की कारावास से दंडित किया। उक्त आरोपी द्वारा शंकर धामेच्या तरूषि आयशर ट्रैक्टर कुठला कटनी से एक हैरो एवं रीपर कीमत लाख 10 हजार रूपए के भुगतान हेतु भी चैक दिया था। उक्त चैक अनादरण की सूचना मिलने के बाद भी आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया था, विचारण न्यायालय श्रीमती स्मृति पटेल सिविल कोर्ट झिंझरी कटनी ने आरोपी को चैक अनादरण के अपराध का दोष सिद्ध पाते हुए 1,94,030 रूपए का अर्थदंड एवं 3 माह की कारावास से दंडित किया। परिवादी की ओर से ब्रज पांडे, कमल अग्रवाल, अरूण द्विवेदी एवं सुनील उपाध्याय ने पैरवी की थी।

### सरपंच ने साथियों के साथ पिता व पुत्र को पीटा

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिर्री में मारपीट का एक वीडियो वारयल हो रहा है जिसमें सरपंच और उसके साथियों द्वारा आदिवासी पिता-पुत्र की पिटाई की जा रही है। यह घटना 9 जुलाई की शाम को ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के डूडंहा मोड़ पर हुई। रविवार सुबह घटना का वीडियो सामने आया। इसमें कुछ लोग दो लोगों को पीटते नजर आ रहे हैं। जिर्री ग्राम पंचायत के सरपंच महेश यादव, उनके भाई चूड़ामणि यादव और योगेंद्र यादव ने बिजौरी ग्राम निवासी अजय सिंह मार्को और उसके पिता राममिलन मार्को पर हमला किया। वायरल वीडियो में तीनों आरोपी लाठी-डंडों से पीड़ित को पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित अजय सिंह का आरोप है कि चूड़ामणि यादव उनकी भतीजी पर गलत नीयत रखता है। इसका विरोध करने पर उन्होंने हमला किया। घटना उस समय हुई जब अजय अपने पिता के साथ खमतरा बाजार जा रहे थे। आरोपी कार से आए और रास्ता रोककर गाली-गलौज की। इसके बाद तीनों ने मिलकर पिता-पुत्र को पीटा। हमले में अजय को कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

## ढीमरखेड़ा न्यायाधीश ने बालिका छात्रावास रामपुर पहुंचकर बच्चों को किया जागरूक, नशे से दूर रहने किया प्रेरित

# जनसंख्या वृद्धि केवल आंकड़ा नहीं सामाजिक-आर्थिक संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जिले में सामाजिक जागरूकता और विधिक साक्षरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब यह प्रयास बालिकाओं तक पहुंचे, तो उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि एक शिक्षित बालिका न केवल अपने भविष्य को संवारती है, बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देती है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए, शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, रामपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण विधिक शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी (ढीमरखेड़ा) उपस्थित रही, जिन्होंने नशा मुक्ति, जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और समाज में महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से विचार साझा किए। यह विधिक शिविर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया था। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित हो, विशेषकर उन लोगों तक जो सामाजिक, आर्थिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास जैसी संस्था में शिविर आयोजित करना इसलिए भी अधिक प्रभावशाली है क्योंकि यहां रहने वाली बालिकाएं अक्सर ग्रामीण, आदिवासी या कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि से आती हैं। नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना। जनसंख्या नियंत्रण और इसके सामाजिक प्रभावों पर जानकारी देना। बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों से परिचित कराना। शिक्षा के महत्व और सामाजिक दायित्व की भावना को जागृत करना।

### न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा नशा मुक्ति पर विचार

न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने नशा मुक्ति विषय पर बड़ी ही संवेदनशीलता और गंभीरता से अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि "नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र को प्रभावित करता है।" उन्होंने बालिकाओं को बताया कि किस प्रकार से नशे की लत एक व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति को नष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोग मनोरंजन, तनाव से मुक्ति या दोस्तों के दबाव में नशा करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह एक ऐसी लत बन जाती है जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।



न्यायाधीश ने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि एक नशेड़ी व्यक्ति अपने घर की आर्थिक स्थिति को खराब कर देता है, घर में हिंसा और तनाव का माहौल बन जाता है, बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ता है और अंततः पूरा समाज इसकी चपेट में आ जाता है। उन्होंने बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति अपराध की ओर भी आकर्षित होता है चोरी, लूट, मारपीट, बलात्कार जैसी घटनाएं नशे की हालत में अधिक होती हैं।

बालिकाओं को विशेष रूप से यह समझाया गया कि नशे से दूर रहना न केवल उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए आवश्यक है, बल्कि वह दूसरों को भी प्रेरित कर सकती हैं। एक बालिका यदि अपने परिवार और आस-पड़ोस में इस विषय पर बात करती है, तो वह समाज में बदलाव का माध्यम बन सकती है।

### जनसंख्या वृद्धि, एक गंभीर चुनौती

विधिक शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे को भी गहराई से उठाया। उन्होंने कहा कि "जनसंख्या वृद्धि अब केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संकट बन चुका है।"जनसंख्या बढ़ने के साथ खाद्यान्न की माँग बढ़ती है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण गरीबी और भुखमरी बढ़ती है। बढ़ती आबादी के कारण जल, वायु, भूमि और ध्वनि प्रदूषण चरम पर पहुँच रहे हैं। सीमित रोजगार अवसरों के कारण युवाओं को नौकरी नहीं मिलती और वे निराशा, अपराध या नशे की ओर बढ़ते हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम जनता का जीवन कठिन हो जाता है। अधिक जनसंख्या से सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों और मूलभूत सेवाओं पर अत्यधिक बोझ पड़ता है। न्यायाधीश ने कहा कि केवल सरकार द्वारा कानून बनाना पर्याप्त नहीं, समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। विवाह की सही उम्र, दो बच्चों की नीति, परिवार नियोजन के उपायों की जानकारी और प्रचार आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जागरूकता से ही इस संकट से निपटा जा सकता है। शिक्षा ही वह साधन है जिससे आप अपने अधिकार जान सकती हैं, आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकती हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह बताया कि शिक्षा से एक बालिका केवल नौकरी पाने योग्य ही नहीं बनती, बल्कि वह अपने परिवार और समाज की दिशा और दशा बदलने की ताकत भी रखती है। एक शिक्षित बेटी, मां बनकर आने वाली पीढ़ी को भी शिक्षित बनाती है।

न्यायाधीश ने छात्रावास की बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन को संवारने का सपना देखें, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पुलिस अफसर या शिक्षक बनने की ठानें।

### विधिक अधिकारों की जानकारी

शिविर में यह भी बताया गया कि हर नागरिक को संविधान द्वारा कुछ अधिकार मिले हैं, जिनकी जानकारी आवश्यक है। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम,बाल श्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम , बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, इन सभी अधिकारों की जानकारी से बालिकाएं किसी भी प्रकार के शोषण से स्वयं को बचा सकती हैं और दूसरों की भी मदद कर सकती हैं।

शिविर के दौरान कई बालिकाओं ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविर उन्हें आत्मविश्वास देते हैं और यह एहसास कराते हैं कि वे अकेली नहीं हैं कानून और न्याय उनके साथ है। कुछ बालिकाओं ने कविता, नारे और भाषण के माध्यम से नशा मुक्ति, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। अंत में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने सभी बालिकाओं को एक संकल्प दिलवाया ्हम कभी नशा नहीं करेंगे।

---

*कर्मचारियों को सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने के दिए निर्देश*

# महापौर ने निगम के आपदा नियंत्रण कक्ष का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यालय नगर पालिक निगम स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर जलभराव से संबंधित प्राप्त कुल शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शिकायत पंजी का अवलोकन

महापौर श्रीमती सूरी ने कंट्रोल रूम में दूरभाष क्रमांक 07622 - 292740 एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों हेतु संधारित शिकायत पंजी का अवलोकन कर तिथिवार प्राप्त शिकायतों एवं क्षेत्रीय दल के माध्यम से उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली जाकर कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों को अपने दायित्वों का सजगता और तत्परता से निर्वहन करने निर्देश दिए।



### शिकायतों के निराकरण की स्थिति से कराए अवगत

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर निर्धारित समय पर उपस्थित होने तथा शिफ्ट समय समाप्ति के दौरान आगामी शिफ्ट के कर्मचारियों को प्राप्त शिकायत एवं उनके निराकरण की स्थिति से अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### नागरिकों से जलभराव की सूचना देने का आग्रह

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से जलभराव संबंधी सूचना की जानकारी कंट्रोल रूम नंबर 07622 - 292740 में देकर समस्या का निराकरण कराने का आग्रह आम नागरिकों से किया है।

### इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सागर नायक, अभिषेक सिंह बघेल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## महिलाओं के अधिकारों संबंधी पोस्टर किये गए चस्पा



महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत यात्री बसों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के अधिकारों से संबंधित जानकारी देने वाले पोस्टर चस्पा किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और बसों में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बस स्टैंड पर उपस्थित यात्रियों और बस संचालकों को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बसों में महिला सीटों का आरक्षण, चालक-परिचालक द्वारा निर्धारित वर्दी पहनना, बसों में पैनिक बटन, GPS ट्रैकिंग सिस्टम और CCTV कैमरे जैसे सुरक्षा उपकरणों का होना अनिवार्य है। कार्यक्रम के तहत महिला यात्रियों को बताया गया कि सार्वजनिक यात्री बसों में उनके लिए आरक्षित सीटें होती हैं और बस संचालकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। बस संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने वाहनों में इन सभी सुरक्षा उपकरणों को शीघ्रता से स्थापित करें

---

# जनसंख्या में वृद्धि के दुष्प्रभावों सहित नियंत्रण हेतु योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विगत दिनों जिला चिकित्सालय कटनी सहित समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग एवं महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। है।

इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम रही – 'युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना'। इस वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया गया है। राज्यन शासन द्वारा इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस को पखवाड़े के रूप में न मनाकर विश्व जनसंख्या माह (11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक) के रूप में मनाया जा रहा है।

### परिवार नियोजन को प्रोत्साहन

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्त्री एवं प्रसूतिरोग विशेषज्ञ सोसायटी के द्वारा सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिये उपलब्ध शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. सुनीता वर्मा ने जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. हर्षिता गुप्ता ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि का मतलब है कि भोजन, पानी, स्वास्थ्य, आवास ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और बहुत कुछ की मांग में वृद्धि। वहीं सोसायटी की सचिव श्रीमती स्वाती जैन ने जनसंख्या नियंत्रण के तरीको के बारे में जानकारी देते' हुये बताया कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिये शिक्षा, जागरूकता, परिवार नियोजन, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं कानूनी उपाय जिसमें विवाह की उम्र बढ़ाना एवं परिवार नियोजन को प्रोत्साहन देना शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को पौधा प्रदान करते हुये जनसंख्या नियंत्रण के माध्यम से प्रकृति का ख्याल रखने का संदेश दिया गया।

---

*ब्लैक स्पॉट पर टीम ने यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को पौधा किया गया भेंट*

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, हादसों को रोकने जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

समाज सेवा विकास संस्था द्वारा जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत संस्था की टीम ने उन स्थानों को चुना है जो अब ब्लैक स्पॉट बन चुके हैं और जहाँ आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर मझगवां से सुर्खी टैंक के बीच, बड़वारा थाना क्षेत्र में, संस्था की टीम ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का सबसे खास पहलू यह रहा कि यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फलदार और छायादार पौधे भेंट किए गए। संस्था की कार्यकर्ता सावित्री केवट ने बताया हमारी टीम लगातार उन स्थानों पर जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है जहाँ सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। हमारा लक्ष्य यातायात नियमों का पालन करवाना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।



संस्था के ही कार्यकर्ता राजाराम पटेल ने जानकारी दी कि सुर्खी टैंक मोड़, जो अब एक ब्लैक स्पॉट बन चुका है, पर उनकी पूरी टीम ने समर्पण के साथ काम किया। उन्होंने बताया हमारी टीम ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करने वाले लगभग 100 से अधिक वाहन चालकों को फलदार और छायादार पौधे भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया और यह संकल्प दिलाया गया कि जिस तरह वे यातायात नियमों का पालन करते हैं, उसी तरह इन पौधों का भी पालन-पोषण करेंगे।

सुर्खी टैंक जुहला चौकी के समीप पिछले दो महीनों के भीतर ही 6 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है। इनमें एक कार और ट्रक की भिड़ंत में 3 लोगों की मौत, बारात जा रही स्कॉर्पियो और ट्रक की भिड़ंत में महिलाओं की मौत, एवं मझगवां-बरही तिराहे पर पति और गर्भवती महिला की सड़क दुर्घटना में मौत जैसी हृदयविदारक घटनाएँ शामिल हैं। बीते एक वर्ष में, मझगवां और सुर्खी टैंक के बीच 12 से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा चुकी है।

इस दौरान बबिता सिंह,राघवेन्द्र सिंह,फिजा बी,सावित्री केवट,प्रभा सेन,मैना सिंह,राजाराम पटेल,पूजा सिंह, रजक,अंजली , सचिन कुशवाहा की उपस्थिति रही।

---

## जिला स्तरीय बैंकर्स समन्व य समिति की बैठक में दिए निर्देश

# बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं के ऋण वितरण कार्य में तेजी लायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सभी बैंकर्स सकारात्मक रूख अपनाते हुये विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निष्पादन कर ऋण उपलब्धि करायें। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में दिए।

कलेक्टंर श्री यादव ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों को स्वी्कृति प्रदान करना, केवल लक्ष्य पूर्ति का मामला नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कलेक्टर श्री यादव ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि वे विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के विभागों के लक्ष्य के अनुरूप बैंकों में पहुंचने वाले स्वरोजगार के प्रकरणों के निराकरण में सकारात्मकता और संवेदनशीलता दिखायें। ताकि रोजगार-स्वरोजगार की दिशा में लोग आगे बढ़ें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इसके लिये जरूरी है कि बैंकर्स समय पर आवेदनों पर ऋण वितरण सुनिश्चित करें।



### कम प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, एनआरएम अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान विभागों की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुये लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने की सख्त हिदायत दी।

### लक्ष्य के अनुरूप दिलाए लाभ

कलेक्टंर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत सभी बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के हितग्राहियों के वितरण आवेदन पत्रों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। ताकि लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के साथ-साथ हितग्राहियों को ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस का भी लाभ मिल सके। उन्होंने बैंकर्स से भी कहा कि वे समय से अनुदान पोर्टल पर क्लेम करें। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में पशुपालन, मत्ययोपालन, शहरी विकास अभिकरण, एनआरएलएम एवं आदिम जाति कल्यौण विभाग, अंत्ययवसायी वित्त विकास निगम और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के लिये तय लक्ष्यों को पूर्ण करने की हिदायत दी।

उन्होंने फसल बीमा पोर्टल में अपडेट करने और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने की महत्वा्कांक्षी आचार्य विद्यासागर योजना के प्रकरणों में ऋण का शीघ्र वितरण करने सुनिश्चित किया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह, डीडी नाबार्ड, आरसीटी डायरेक्टर पवन गुप्ता, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल, अग्रणी जिला प्रबंधक मेजरस किंडो और सभी बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

# आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कैरिन लाईन थाना माधवनगर कटनी निवासी विनय वीरवानी पिता दिलीप वीरवानी 30 वर्ष के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वत सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। विनय वीरवानी असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है एवं आमजन के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध वसूली करना, जुआ खेलना, सट्टा खिलवाना एवं जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला करने जैसे अपराध करता चला आ रहा है। विनय के विरूद्ध पंजीबद्ध प्रकरण न्यापयालय में विचाराधीन है।

पुलिस के द्वारा विनय के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी विनय के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। विनय की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी विनय को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नार एवं उमरिया जिले की राजस्वं सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## खबर संक्षेप


### उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**दमोह।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज 14 जुलाई 2025 को प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में पीएमश्री पीजी कॉलेज दमोह के आडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संबंधित विभागों के विभाग प्रमुखों को गतिविधियों के स्टॉल कार्यक्रम स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिये हैं।

### 16 जुलाई को होगी ईवीएम की कमीशनिंग

**दमोह।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के उप निर्वाचन हेतु 14 जुलाई को ईवीएम का जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर NIC कक्ष में प्रातः 11 बजे रेंडमाइजेशन होने के बाद 15 जुलाई को रिटर्निंग अधिकारी स्तर का ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत कार्यालय हटा के राज्य आजीविका मिशन भवन में होगा। मतदान केंद्रों में मतदान हेतु ईवीएम की कमीशनिंग 16 जुलाई को रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत हटा के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भवन में की जाएगी।

### नन्हें लाल साहू पंचतत्व मे विलीन



**हिण्डोरिया।** नगर वार्ड नं. 06 निवासी लक्ष्मण साहू उर्फ लछन सेठ के बडे.भाई, सन्तोष साहू, सतीश साहू के पिता एवं एड- संजय साहू के बडे.पापा नन्हें लाल साहू उर्फ नन्ना दादा का 74 वर्ष की आयु मे रविवार को आकस्मिक निधन हो गया । उनकी शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गांधी वार्ड की दुर्दशा पर शासन प्रशासन की ध्यान नहीं

# जजर्र मार्ग के कारण स्कूल नहीं पहुंच पा रहे बच्चे, नारकीय जीवन जी रहे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर गांधी वार्ड वासियों को विकास के नाम पर जो विष का सेवन कराया गया है उससे यहां के लोगों की जिंदगी दम तोड़ती नजर आ रही है लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो चुका है डर ऐसा समाया है कि वाहन चलाते समय हनुमान चालीसा याद आता है। लोग मन ही मन ईश्वर से यह निवेदन करते हैं कि है संकट मोचन हमारे संकटों को आप दूर करें जिस तरह मुख्य सड़क से लेकर वस्ती में पीपल तक जाने वाले मार्ग की स्थिति है उसे तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है यह मार्ग अब लोगों के गले की फांस बन गया है। घरों के सामने गलियों में और मुख्य मार्ग में सड़क धंस रही है तालाबनुमा गड्ढे हो गये हैं कहीं चेम्बर सड़क से ऊपर नजर आ रहा है तो कहीं पूरी की पूरी सड़क नालियों में समाहित होकर दलदल तब्दील होकर रह गई है। पहली बारिश के इन रूझानों ने आगे पिक्चर कैसी होगी इसका डर बना दिया है। इसी मार्ग पर सीएम राइज स्कूल है जिससे अब बच्चे स्कूल भी नहीं पहुंच पा रहे हैं आखिर इस समस्या के जिम्मेदार कौन है।

### सड़क की इस समस्या का जिम्मेदार कौन

पूरे नगर में विकास के नाम पर जो सत्ता हासिल करने के लिए वार्डों में विकास के लिये मील का पत्थर बता रहे थे और इसे अपनी उपलब्धियों में शुमार करते नजर आते थे लेकिन अब वे कहां छुप गये हैं। दूसरे जिम्मेदारों में प्रशासन है जिसकी जिम्मेदारी है कि नगर में जो भी जनता को परेशानी होती है या हो रही है तो इन्हीं की जिम्मेदारी तय की जायेगी। गांधी वार्ड निवासी सालक राम अहिरवार, राजेश अहिरवार, जितेंद्र राही, गया प्रसाद, संजू, बंटी, हरिनारायण एवं पार्षद गौतम अहिरवार ने बताया कि वार्ड की इस समस्या से कई बार नगर पालिका परिषद को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया लेकिन किसी का ध्यान इस अपेक्षित वार्ड की ओर नहीं गया जिसका दंश हम सभी वार्ड वासियों को कई वर्षों से बरसात में भोगना पड़ता है। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं यहीं पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की विशाल प्रतिमा स्थापित है जो चारों तरफ से दलदल नुमा से घिरी हुई है। रात के अंधेरे में इस मार्ग पर चलने वाले लोग कीचड़ में फंसकर गिर जाते हैं। दुपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में स्थिति भयावह है लोग बदहाल सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इस मोहल्ले के सभी लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। अब जनता कह रही है कि कहां है वे जो मंचों पर और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर नजर आते रहे हैं वे क्यों नहीं इन गलियों में घूमकर गांधी वार्ड की दुर्दशा देख रहे हैं।

## हर माता स्वस्थ, हर बच्चा स्वस्थ की दिशा में मजबूत कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ में द अंतरा फाउंडेशन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण सामुदायिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य ग्रामवासियों में स्वास्थ्य एवं पोषण आहार को लेकर जागरूकता बढ़ाना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा। बैठक में महिलाओं, किशोरियों और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

ग्रामीणों ने पूर्व तैयारी में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा बैठक के दौरान प्राप्त सीख को गांव में साझा करने की जिम्मेदारी भी स्वयं संभाली। विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गांव अब स्वास्थ्य संबंधी सकारात्मक बदलावों के लिए सजग और संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खड़क सिंह ठाकुर (भूतपूर्व शिक्षक एवं भाजपा नेता), सरपंच श्री राहुल राय, तथा सहायक सचिव श्री राम शंकर राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। किशोरी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक को सभी ने सराहा। बैठक के अंत में सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया हर गर्भवती महिला और प्रत्येक बच्चे तक सही जानकारी और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचेंगी। कार्यक्रम के दौरान विगत सात महीनों में आयोजित पी.एल.ए. बैठकों की प्रमुख जानकारियां और अनुभव भी साझा किए गए। ग्राम की महिलाओं ने आत्मविश्वास के साथ स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े अपने अनुभवों को प्रस्तुत किया।

इस आयोजन में सरपंच, सचिव, ग्राम शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, साधनसेविका, अंतरा फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ की यह पहल निश्चित ही "हर माता स्वस्थ, हर बच्चा स्वस्थ" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त एवं प्रेरणादायक प्रयास के रूप में सामने आई है।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर आज

**दमोह।** जनसमुदाय को मातृ-नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, संचारी-गैर संचारी रोग से जुड़ी स्वास्थ्य सुविधाएँ उनके निवास के निकट गुणवत्तायुक्त प्रदाय कराने के उद्देश्य से 14 जुलाई को क्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किये जायेंगें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने आमजन से कहा शिविर में समस्त हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, उपचार, छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण, दस्त, निमोनिया, खसरा रोग ग्रस्त बच्चों की जांच एवं उपचार सेवा प्रदाय की जायेगी। टी.बी. के नये मरीजों की खोज, मरीजों की जांच उपचार, निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टी.बी. के रोगियों को लाभ प्रदाय किया जायेगा। स्वास्थ्य संवर्धन के लिए दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण आहार के संबंध में जागरूक किया जायेगा। शिविर में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा ग्राम की गर्भवती महिलाओं को चिन्हित एन.सी.डी. हितग्राही एवं बच्चों को मोबिलाईज किया जायेगा।

## परिवार को छोटा रखने दिया गया संदेश

**दमोह।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर विकासखंड जबेरा के आयुष्मान आरोग्यम केन्द्र दुगानी और हरदुआ मानगढ़ में सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता ने गुब्बारा खेल के माध्यम से छोटा परिवार खुशियों का आधार का संदेश देकर पहला बच्चा शादी के दो वर्ष बाद, दूसरे बच्चे में तीन वर्ष का अंतराल रखने एवं दो बच्चों के बाद परिवार को सीमित रखने में उपयोगी परिवार नियोजन के नवीन अस्थाई साधनों अंतरा, छाया, आई.यू.सी.डी. एवं स्थाई साधन के रूप में महिला अथवा पुरूष नसबंदी को अपनाने की सलाह दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में 15 हितग्राहियों के एलटीटी ऑपरेशन भी किये गये।

## हिंदू महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न, पदाधिकारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय हिंदू महासंघ की एक अहम प्रदेश स्तरीय बैठक मंगलवार को श्री राधे कृष्णा मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। सभी आगंतुकों का फूल-मालाओं, साल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में महासंघ द्वारा प्रदेश के उन जिलों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने संगठन के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। "अवार्ड कैटेगरी" के अंतर्गत दमोह जिले के उदित सोनी को प्रथम स्थान, पन्ना जिले के राजेंद्र पटेल को द्वितीय स्थान, तथा भोपाल के युवा अध्यक्ष राजन सोनी को तृतीय स्थान पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. सोनी, स्वर्णकार विवाह मंच गंजबासौदा के संस्थापक संचालक राजकुमार सोनी, श्रीमती सुनीता सोनी गंजबासौदा महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मंजू सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सोनी प्रदेश महिला प्रचार मंत्री श्रीमती अनीता सोनी प्रदेश महासचिव श्री पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री कैलाश सिंह राठौड़, प्रदेश संगठन मंत्री रामकृष्ण सीताराम पटेल,मंच संचालक अरविंद सोनी, अशोक वर्मा,पन्ना जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, दमोह जिला अध्यक्ष उदित सोनी, रीवा से संजीव कुमार, डी डी सोनी भोपाल अध्यक्ष उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा एवं माधव सिंह सतना जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, ओपी सोनी अजय सोनी जयप्रकाश राकेश सोनी सहित अन्य कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक संगठन की मजबूती, कार्य प्रगति और आगामी योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन



दमोह। शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रीमती शिवानी नितिन असाटी अपनी बेटी नितिका असाटी के जन्मदिवस पर किया गया। जिसमें राम दरबार की पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की उपस्थिति रही। सभी बहनों ने मिलकर भव्यता प्रदान की।और सभी ने मधुर भजन गाकर भजनों का आनंद लिया। वहीं आयोजक द्वारा समाज के सभी बहनों को सिंगर का सामान वितरण कर सभी बहनों को जलपान करवा कर उन्हें प्रसाद वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर आयोजक द्वारा महिला समिति को 1000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई।

## विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यकारणी की घोषणा



**हटा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे वर्ष भर छात्रों के हित में कार्य करता है एवं राष्ट्र हित में कार्य भी कार्य कर्ता है 9 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी जिसको आज 77 वर्ष पूर्ण हो चुके है जिसकी रविवार को हटा नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषणा की गई। जिसमें मुख्य रूप से सागर विभाग संगठन मंत्री आदरणीय सुमित भगत जी भाईसाब, महाकौशल प्रांत के प्रांत सह मंत्री बसंत राजपूत दमोह जिला संयोजक नमन शांडिल्य भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा जी उपस्थित रहे जिसमें की प्रमुख घोषणाएं हुई नगर अध्यक्ष डॉ विनय वर्मन एवं नगर मंत्री निखिल रजक को बनाया गया एवं अनेकों कार्यकर्ताओ को दायित्व सौंपे गए।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया



**दमोह।** हिंडोरिया प्रखंड के ग्राम जुझार,मुड़ारी,हलगज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता महेंद्र पटेल का उद्बोधन दिया गया। संघ की विचारधाराए बताएं गई इस अवसर पर बांदकपुर उपखंड कार्यवाह घनश्याम सेन, रीकेश चौबे, मानवेंद्र सिंह लोधी, कड़ोरी सेन,हेमेंद्र असाटी राजन, पंडित तेजेंद्र तिवारी, पप्पू सिंह लोधी, नीरज महोबिया, मोहन सिंह लोधी एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आने वाले समय में अन्य स्कूलों में भी हम स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने का कार्य करेंगे - राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




सेवाभाव जागरण संस्थान के सौजन्य एवं कृष्णभाव फाउंडेशन द्वारा जबेरा विधानसभा में संचालित निशुल्क कक्षाओं हेतु स्मार्ट बोर्ड का वितरण रविवार को रानी अवंती बाई लोधी प्रांगण नोहटा में किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अलख जगा रहे हैं जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल तेजगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर जबेरा, सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल तेंदूखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा एवं रानी अवंती बाई हाई स्कूल अभाना को कृष्णभाव फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क स्मार्ट बोर्ड वितरित किए गए। विधानसभा जबेरा में विगत एक वर्ष से कृष्णभाव फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं राज्यमंत्री श्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी द्वारा निःशुल्क नवोदय कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विगत वर्ष संपूर्ण विधानसभा में 500 विद्यार्थियों ने कोचिंग का लाभ प्राप्त किया था और जिसमें से छः छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय हटा में हुआ है। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहां कि पड़ेगा जबेरा बढ़ेगा जबेरा के लक्ष्य को लेकर हम निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार से अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं शिक्षा पाकर बच्चे अपने मां बाप गांव और समाज का नाम रोशन कर सके ऐसी भावना के साथ हम कार्य कर रहे और आने वाले समय में अन्य स्कूलों में भी हम स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के छात्र निशुल्क कोचिंग के माध्यम से नवोदय में प्रवेश के साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ पाएंगे। कृष्णभाव फाउंडेशन के डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि एक वर्ष पूर्व से हम विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में कोचिंगों का संचालन कर रहे हैं इस वर्ष हमारा लक्ष्य है की 45 कोचिंग का संचालन किया जाएगा। जिसमें 25 कोचिंगों का शुभारंभ किया जा चुका है और माननीय मंत्री जी के मार्गदर्शन में आज निःशुल्क स्मार्ट बोर्ड प्रदान किए गए हैं। इन स्मार्ट बोर्डो के माध्यम से ऑनलाइन क्लासेस का संचालन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने योजना बनाई है कि हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी निशुल्क कोचिंग का लाभ प्रदान किया जाएगा जिसमें सेवाभाव जागरण संस्थान भोपाल का हमें सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवाभाव जागरण संस्थान भोपाल के सदस्य आशुतोष शर्मा,हिमांशु शुक्ला,शैलेंद्र ठाकुर लोधी क्षत्रिय समाज दमोह अध्यक्ष भाव सिंह लोधी,मंत्री श्री लोधी के अनुज नीतेन्द्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,मूरत सिंह,सत्यपाल सिंह सहित स्मार्ट बोर्ड के लिए चयनित स्कूलों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### आपके प्रेम का ऋण चुकाने सदैव तत्पर रहूंगा- वीरेंद्र बहादुर सिंह

# सेवानिवृत्त एसडीओपी श्री सिंह का हटा में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



दमोह जिले के अलग-अलग पुलिस थानों में सेवा देने के उपरांत सतना से सेवानिवृत्त हुए एसडीओपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह का रविवार को हटा नगर के सिद्दार्थ पैलेस में नागरिक अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह का कार्यकाल हटा में निरीक्षक के पद से शुरू हुआ था फिर यहीं से उनकी पदोन्नति एसडीओपी के पद पर हुई थी।

जोरदार आतिशबाजी के बीच हटा के सिद्धार्थ पैलेस में आयोजित हुए सम्मान समारोह में 25 लोगों ने श्री सिंह के सम्मान में रक्तदान किया एवं फलदार वृक्षों के पौधों का रोपण किया। तदोपरांत मंचीय कार्यक्रम में डॉ विजय बजाज ने सेवानिवृत एसडीओपी श्री सिंह के परिचय में कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या गणमान्य जनों को अवगत कराया। वही नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने श्री सिंह के सेवा काल से प्रेरणा लेकर कार्य करने की बात कही। हटा एसडीओपी प्रशांत सुमन ने भी श्री सिंह की शासकीय सेवा के कार्यकाल की सराहना कर अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मध्य प्रदेश शासन में जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक ने भी श्री सिंह के बारे में कहा कि आज यह प्रेम और आप लोगों की इतनी अधिक संख्या में उपस्थिति बताती है कि श्री सिंह के सेवानिवृत होने उपरांत भी इतना सम्मान मिलना आपके सेवाकाल को स्वर्णिम बनाता है। इस दौरान हटा सिविल अस्पताल में हाल ही में पदस्थ हुए डॉ चेतन साहू का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पथरिया पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, डॉ सत्येंद्र सिंह ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। सेवा निवृत एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज आप सबने जो मुझे ओर मेरे परिवार को हटा बुलाकर जो सम्मान दिया, में इसका हमेशा ऋणी रहूंगा और यही कोशिश करूंगा कि आप सभी लोगों से जीवन पर्यंत सुख दुख का साथी बनकर जुडा रहूंगा। वही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं रक्तदान महादान के बारे में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना एवं वृक्षारोपण करना अपने जीवन का महत्व पूर्ण कार्य बनाना चाहिए। वही उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभवों के बारे में सभी को अवगत कराया। वही कार्यक्रम में समापन पर आयोजक राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने श्री सिंह के कार्यकाल को सराहा और उन्हें अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं दी एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन जय कृष्ण राजू पलया, डॉ नीरज मिश्रा ने किया। सम्मान समारोह में कार्यक्रम स्थल को सेवा निवृत एसडीओपी श्री सिंह के कार्यकाल के दौरान अखबारों में प्रकाशित खबरों एवं यादगार छायाचित्रों की प्रदर्शनी को प्रदर्शित कर कार्यक्रम को भव्य बनाया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित नगर के वरिष्ठ गणमान्य जनों ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के साथ पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।

### नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

गौरतलब है कि नगर में पहली बार किसीअधिकारी की सेवानिवृत होने पर नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अधिकारी का अपनी सेवा के दौरान शासन प्रशासन के नियमों का पालन करते व कराते हुए नगर की जनता से मिलनसार बनकर अपनी सेवाकाल को यादगार बनाया।जहां नगर में पूर्व एसडीओपी श्री सिंह के चाहने वालों ने उनका कई स्थानों पर स्वागत किया। दमोह नाका पर वरिष्ठ समाज सेवी पप्पू विश्वकर्मा, राय पेट्रोल पंप पर गोलू राय, एमएलबी स्कूल के पास ब्राम्हण समाज अध्यक्ष महेश पुरानी, मां कर्मा देवी चौक अंधियारा बगीचा में डॉ सीएल नेमा एवं साहू समाज, गुलाब बाबा मार्केट कंदीलाल साहू पत्थर टाल, ख़चना नाका, बीडी दुकान के सामने लक्ष्मण साहू, एसडीओपी बंगला के सामने दामोदर साहू अशोक साहू, अग्रवाल पेट्रोल पंप पर बांके बिहारी जी समिति बबलू राय, असाटी समाज अध्यक्ष जागे असाटी मां टीवीएस एजेंसी पर पार्षद देवेंद्र राय, गौरीशंकर मंदिर मार्ग पर आदर्शनी गार्डन में वरिष्ठ समाज सेवी कल्याण सिंह राजपूत ने समस्त क्षत्रिय महासभा की ओर से, हजारी पेट्रोल पंप पर भूपेंद्र सिंह हजारी ने भव्य स्वागत सम्मान किया इस दौरान मुख्य सड़क पर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे किसी दूल्हे की बारात की भव्य अगवानी की जा रही हो।

### ताइक्वांडो अकादमी का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट संपन्न



**दमोह।** ताइक्वांडो अकादमी का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी एवं खेल प्रकोष्ठ संयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें बेल्ट टेस्ट अकादमी की कोच निधी दुबे ने लिया, व्हाइट से येलो बेल्ट दिव्या सोनी अर्णव जैन विराज चांदपुरिया जया सोनी गौरवी जैन अमरेंद्र चांदपुरिया येलो से है येलो गुंजन जैन हाय हेलो से ग्रीन इंतखाब खान प्रियांशु रजक ग्रीन से है ग्रीन यशवीर मालिया हाय ग्रीन से ब्लू वेदिका मालिया , और सभी ब्लेक बेल्ट स्टूडेंट ऋतिक पारोचे, आद्रिका दुबे, जय रैकवार, विजय श्री चक्रवर्ती, समृद्धि रजक गौरव चौरहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन, बुद्धि निवास करती हैं, आज के समय में बच्चियों को आत्म रक्षार्थ ऐसी ट्रेनिंग बहुत जरूरी है, ताइक्वांडो में अच्छा भविष्य भी निर्धारित हो सकता है। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवेंद्र डब्बू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक खेल से कुछ न कुछ सीखने मिलता है,लेकिन इस खेल से सीखने के साथ शक्तिशाली व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इस अवसर पर नीरज दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### चिन्हित ग्रामों में कुछ दिन पानी की सप्लाई बंद रहेगी

**दमोह।** दमोह-पटेरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत चिन्हित ग्रामों के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव को अवगत किया जाता है कि स्कीम के जल शोधन संयत्र में तकनीकि खराबी आ जाने के कारण चिन्हित सभी 452 ( दमोह- 174, पटेरा- 102, हटा- 47, जबेरा-119, तेन्दूखेड़ा- 10) ग्रामों में कुछ दिन पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इस सबंध में महाप्रबंधक जल निगम दमोह ने बताया बारिश के मौसम को ध्यान रखते हुये हेण्डपम्पों व अन्य साधनों से पानी उपयोग करने वाले ग्रामीणों से अनुरोध है कि पानी को छानकर व उबालकर ही उपयोग करें।

### सास-बहू सम्मेलन आयोजित किये जायें

**दमोह।** विश्व जनसंख्या माह 11 जुलाई से 11 अगस्त दौरान की जाने वाली विभिन्न जागरूकता गतिविधियॉ एवं माह अप्रेल से जून दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत प्राप्त उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में की । इस मौके पर जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी, डीसीएम, बीईई, बीसीएम मौजूद रहे। दंपत्तियों से संपर्क कर परिवार को छोटा रखने, दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतराल रखने तथा दो बच्चों के बाद उनकी रूचि अनुसार परिवार कल्याण के स्थाई एवं अस्थाई साधनों विशेषकर अंतरा, आई.यू.सी.डी. जैसे साधनों को अपनाने प्रेरित किया जाये।

### जागेश्वरनाथ महादेव की महिमा निराली, 310 वर्ष से नर्मदा जल से होता आ रहा जागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक

# सावन का पहला सोमवार आजः शिवालयों में उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जगेश्वरनाथ महादेव को भूगर्भ से प्रकट हुए 312 वर्ष हो गए और परंपरा के चलते आज भी जागेश्वरनाथ भगवान के पट खुलते ही प्रथम जलाभिषेक नर्मदा जल से होता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान शिव की तपस्या मां नर्मदा ने करते हुए नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की थी। जिससे भगवान शिव उसी शिवलिंग में लीन हो गए। इतनी पवित्रा पाकर नर्मदा प्रसन्न हो गईं इसलिए कहा जाता है नर्मदा का हर कंकर है शंकर। नर्मदा जल के दर्शन मात्र से पुण्य का उदय होता है। इसलिए भगवान जागेश्वरनाथ का प्रथम जलाभिषेक व नित्य अभिषेक नर्मदाजल से होता है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने बताया कि भगवान जागेश्वरनाथ को प्रकट हुए 312वर्ष हो गए और तभी यह क्रम चलता आ रहा है कि भगवान का पहला अभिषेक नर्मदा जल से होता है। उन्होंने बताया कि जब बांदकपुर धाम तक आवागमन के साधन नहीं थे तो बैलगाड़ी से जल के पात्र रखकर नर्मदा जल बांदकपुर तक आता था और अभिषेक के लिए मंदिर प्रबंधन भक्तों को उपलब्ध करवाते थे। अब यातायात के कई साधन हैं बांदकपुर से जबलपुर चलने वाली डेली सर्विस की बसों के द्वारा नर्मदा जल कुप्पियों में भरकर लाया जाता है और अब स्वयं व निजी वाहनों से नर्मदा जल बांदकपुर पहुंचता है। इसलिए नर्मदा जल कांवड़ में भरकर हजारों कांवड़िए जागेश्वरधाम बांदकपुर पहुंचते हैं।भगवान शिव के प्रिय माह सावन से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा महाशिवरात्रि तक चलती थी,मार्च 2019 को बांदकपुर पहुंची मप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को भी भगवान जागेश्वरनाथ महादेव को अर्पित करने के लिए जो जल पात्र में दिया गया था वह नर्मदा जल ही था।

### पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार सोमवार को गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन

जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीएम दमोह आरएल बागरी और एसडीओपी पुलिस श्री सुमन ने बांदकपुर पहुंचकर सावन माह में कांवड़ियों के आगमन एवं श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है का जायजा लिया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भदौरिया ने कहा अधिकारियों के साथ मंदिर भ्रमण के दौरान लिए गए निर्णय के तहत आज एसडीएम आरएल बागड़ी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया एवं सावन माह पर्व के दृष्टिगत रखते हुए वह व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु सभी बिंदुओं पर मंदिर प्रबंधन के साथ भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि एवं श्रृद्धालुओं को दर्शन के दौरान कोई अव्यवस्था ना हो इसके लिये बल तैनात किया गया है, सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहेंगी। एसडीएम आरएल बागरी ने कहा कांवड़ियों, श्रृद्धालुओं के लिये अलग-अलग लाईन से जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई ताकि किसी को दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो । प्रशासन की ओर श्रृद्धालुओं को सारी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

## कोड़ल का प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र में रखता है अपनी विशेष पहचान





**तेन्दूखेड़ा।** आज से सावन माह की शुरुआत हो चुकी है और आज सावन का पहला सोमवार है और देशभर के शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई देगा। ऐसे में भक्तों के लिए जिले के तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के पास मौजूद एक प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर अपनी प्रचीनता व निर्माण की कहानी के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण एक रात में हुआ है और एक छोटे से ग्राम में होने के बाद भी दूर दूर से भक्त यहां भोलेनाथ के दर्शन व पूजन अर्चन के लिए आते है। जिले में कल्चुरी शासकों का इतिहास भी समृद्ध है जिसकी निशानियां अब तक मौजूद हैं ये ना सिर्फ मंदिरों के रूप में बल्कि विशेष स्थापत्य कला के लिए भी जानी जाती है ऐसा ही एक स्थान है कोड़ल के शिवमंदिर जहां भक्तों का मेला लगा रहता है। माना जाता है कि यह शिव मंदिर काफी प्राचीन है जिसके चलते यहां महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। यहां भक्तों को पहुंचने के लिए तेंदूखेड़ा से तारादेही सड़क मार्ग पर ग्राम पंचायत दरौली से लगभग 2 किमी दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोड़ल स्थित है, जहां कल्चुरी कालीन समय में बनवाया गया प्राचीन शिवमंदिर सांस्कृतिक एवं पुरातत्व की धरोहर है इस मंदिर के चारों ओर अद्भुत कलाकृतियों की नक्काशी पत्थरों पर की गई है। जानकार बताते है कि खजुराहो की तरह कलाकृक्तियों का यह मंदिर 950 ईस्वी में कल्चुरी शासकों द्वारा बनवाया गया था जिसकी देखरेख वर्तमान में पुरातत्व विभाग सागर के जिम्मे है और मंदिर की पूर्ण सुरक्षा के लिए एक स्मारक परिचर एवं दो दैनिक कर्मचारी भी नियुक्त है।

### यह है यहां का इतिहास

यह शिव मंदिर कल्चुरी शासको द्वारा बनवाया गया है मंदिर के अंदर भगवान शिव की बड़ी पिंडी विराजमान है मंदिर के चारों और सुंदर कलाकृतियां पत्थरों पर की गई है। सामान्यतः किसी भी मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की ओर होता है लेकिन यह शिवमंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पर्श्चिम दिशा की ओर है जो इसे दूसरे मंदिरों से अलग बनाता है। इसके अलावा पूरा मंदिर पत्थरों का बना हुआ है और मंदिर की बाहरी दीवार पर नवग्रह माता पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा बनी हुई है। यहां की खासियतों में बताया जाता है कि शिवलिंग के पास से एक गुफा निकली है जो तारादेही के समीप गोहदर के पास निकलती है सन 1884 तक इस जगह के आसपास मेला भी भरता था जिसमें काफी भीड़ रहती थी लेकिन बाद यह व्यवस्था बंद हो गई बाद में सन 1925 से शासन ने इसको अपने अधिपत्य में लिया था। मंदिर के बाहर सुंदर कलाकृतियां पत्थरों पर बनी हुई है यहां पर श्रावण मास में भगवान के दर्शनों के लिए अपार जनसमूह एकत्रित होता है। मंदिर परिसर के अंदर एक बड़ा मढ़ा भी बना हुआ है पूर्व में इस मढ़ा का कुछ हिस्सा छतिग्रस्त हो गया था जिसका शासन द्वारा जीणोद्धार कराया गया है। ग्राम के वृद्धजन बताते है। कि इस मढ़ा में ब्राह्मणों द्वारा शिक्षा दी जाती थी। मंदिर के आसपास भी पुरातात्विक धरोहरें है यदि आसपास खुदाई की जाए तो बहुत प्राचीन धरोहरें मिलने की संभावना बनी हुई है।

## विरागोदय में चातुर्मास कलश स्थापना संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



पथरिया। नगर में विरागोदय तीर्थ धर्मधाम में बुंदेलखंड के प्रथम दिगम्बर जैन आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के आज्ञाकारी शिष्य धर्म प्रवर्तक पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी ससंघ 26 साधु विराजमान हैं जहाँ गुरुपूर्णिमा के दूसरे दिन पावन अवसर आचार्य संघ का चातुर्मास कलश स्थापना विराग विशुद्ध सभागार में श्रद्धा भाव के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य को प्राप्त हुआ। गुरुदेव के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य कानपुर निवासी प्रदीप जैन तिजारा वालो को प्राप्त हुआ। पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा गुरु की महिमा अनंत हैं इसका कोई पार नहीं साथ ही सभी भक्तों को संकल्प भी दिलाया की अपने मुख से निर्ग्रन्थ साधुओं की निंदा नही करेंगे और न ही सुनेंगे।बालिका मंडल ने भी भक्ति के साथ आचार्य श्री की आराधना की।चातुर्मास के मंगल कलश इस्थापना का परम पुण्यार्जक प्रथम अरिहंत कलश नरेंद्र जैन गुरु कृपा,सिद्ध कलश हेमचंद्र भरत मीणा जैन इंदौर, आचार्य कलश मनोज नेहा जैन बरायठा,उपाध्याय कलश राजकुमार जैन अजयगढ़,साधु कलश मनोज दीप्ति जैन,ढोलक बीड़ी परिवार सागर को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में निवाई राजस्थान,भोपाल,गौरझामर, रहली, दिल्ली, बड़ौत, जयपुर, इंदौर उत्तरप्रदेश, दमोह, सागर, जबलपुर के साथ दुबई, पाकिस्तान, कुवैत, लंदन के भी श्रद्धालु समेत जैन समाज के सभी नगरवासी उपस्थित रहे। गौरतलब हो पयूषण पर्व के दौरान श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन भी होगा जिसमें पूरे भारत वर्ष के हजारों भक्तजन उपस्थित होंगे। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष संजय कुबेर ने कार्यक्रम के उपरांत सभा का आभार व्यक्त किया।

## स्मार्ट मीटर बंद कराये जायें अन्यथा करेंगे आंदोलन- रतनचंद जैन



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला किसान कांग्रेस ने कांग्रेसजनों के साथ किल्लाई नाका पर एकत्रित होकर बिजली विभाग तक पैदल मार्च करते हुए विघुत मंडल द्वारा स्मार्ट मीटरों के माध्यम से दिये जा रहे। भारी भटकम बिजली बिलो का विरोध कर ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने सड़क पर ही बैठकर कहा कि भाजपा की मोहन सरकार ने निजी बिजली कंपनियो से सांठ गांठ कर उपभोक्ताओं के घरो में जबरन स्मार्ट मीटर लगवाकर अवैध बसूली की जा रही हैं। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि बिजली कंपनी ने शिकायत हेतु 1912 नंबर दिया था जो कि कभी नहीं लगता। विद्युत विभाग स्वयं अपना नबंर सार्वजानिक करें। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के साथ 840 चेक मीटर भी दमोह में लगाये गये थे जिनके स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता के संबंध में सही जानकारी लगाई जा सकें विभाग ने उन्हें कहां लगाया और क्या परिणाम आये उसकी भी जानकरी सार्वजानिक की जायें। मानक पटेल, संजय चौरसिया, लालचंद राय, तिलक सींग, राजेश तिवारी, परम यादव, आशीष पटेल, प्रदीप पटेल, शमीम कुरैशी, वीरेन्द्र राजपूत, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, कमला निषाद, गीता लोधी, मदन सुमन, लाखन सिंह ने की कहा कि एक परिवार के व्यक्ति की मासिक आय 5000 रूपये है और बिजली बिल 3000 रूपये वह अपनी जीविका चलायेगा कैसे कईयो ने तो बिजली बिल से तंग आकर आत्महत्या तक कर ली है। वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, मुकेश रोहिताश, प्रमेश सीरोठिया, अशोक ठाकुर, शानु जुनेजा, दिनेश रैकवार, अजय जाटव, पुरूषोत्तम, पप्पू कुशवाहा, एके चिश्ती, मानक अहिरवार ने भी नारेबाजी करते हुए कहा कि उपरोक्ता सीएम हेल्पलाइन में भी अपने बिल की शिकायत करता है लेकिन उस पर भी कुछ नहीं होता। इस अवसर पर नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, राजा रौतेला, अमर सिंह, पप्पू कसोटया, मिक्की चंदेल, हेमराज सहित अनेकों कांग्रेस के साथ कई वार्डो से आई वह महिलाये जो बिजली बिल से परेशान है ज्ञापन में शामिल रहीं।

### व्यापारियों द्वारा किसानों से क्रय कर गोदाम में भंडारित

## मूंग एवं उड़द की निकासी पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्रीष्मकालीन मूँग एवं उड़द उपार्जन व्यापारियों द्वारा किसानों से क्रय कर गोदाम में भंडारित मूंग एवं उड़द की निकासी पर 08 अगस्त तक प्रतिबंध लगा दिया है।अनुविभागीय अधिकारी( राजस्व) एवं प्रशासक कृषि उपज मंडी की बिना अनुमति के कोई भी व्यापारी गोदाम से मूंग एवं उड़द की निकासी नहीं कर सकेंगे। साथ ही 15 मई से आज दिनांक तक जिन किसानों द्वारा मंडी में मूंग एवं उड़द का विक्रय कर दिया है इसकी सूची तैयार कर सभी मंडी सचिवों द्वारा तत्काल उप संचालक कृषि को दी जाय तथा उप संचालक कृषि द्वारा सूची उपार्जन केंद्रों को उपलब्ध कराई जाये। ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन केंद्र कृषकों द्वारा मंडी में विक्रय की गई मात्रा की सूची से मिलान कर ही उपार्जन किया जाये, सभी उपार्जन केन्द्रों पर **CCTV** कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं जिसकी मानीटरिंग जिला स्तर से की जाएगी। यह निर्देश जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी समिति प्रबंधकों, सर्वेयरों एवं सभी नोडल अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की खरीदी **FAQ** गुणवत्ता की ही की जाये, साफ-सफाई हेतु ग्रेडर मशीन की व्यवस्था उपार्जन केंद्र द्वारा की जाये।

## स्टेट हाईवे मवेशियों का डेरा, दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

### वाहन चालकों बना रहता हादसों का डर, सैकड़ो की तादाद में बैठे रहते हैं मवेशी सड़कों पर



**सिंग्रामपुर।** दमोह जबलपुर स्टेट हाइवे पर बैठे मवेशियों से जहां हादसे का डर बना रहता वही आए दिन सड़क हादसों मवेशियों की मौत हो रही हैं आवारा मवेशियों का जमघट दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है लोगों के द्वारा कई वार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। गुबरा से लेकर सिंग्रामपुर जबेरा कलहरा गहरा नोहटा आभाना लगभग हर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा नजर आता है सबसे ज्यादा स्टेट हाइवे सिंग्रामपुर जबेरा कलहरा गहरा नोहटा में सड़क पर मवेशियों को बैठा देखा जा सकता है जिससे अचानक रात के समय या अचानक वाहनों के सामने मवेसी आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही वाहनो की चपेट में आने से मूक मवेशियों को आये दिन दर्दनाक मौते भी हो रही है वहीं दूसरी ओर कई वार हादसे तक हो जाते है । पशुओं के संबंध में प्रशासन द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिए जाने से राहगीर वाहन चालक इसका खामियाजा भुगत रहे हैं जबकि इसके पहले तत्कालीन कलेक्टर ग्राम पंचायत प्रशासन को आदेश जारी किए गए थे की आवारा मवेशियों को समीप की गौशालाओं में भेजा जाए और ताकि सड़को पर बैठे आवारा की समस्या से निजात मिल सके लेकिन कलेक्टर के आदेश पालन कही पर होता नही दिखाई दे रहा है।

ग्राम वासियों ने बताया ग्राम में 2 किलोमीटर के दायरे में मवेशियों को जमावड़ा रहता है यहां वाहन चालक वाहन से उतरकर सड़क से मवेशियों को उठाते हैं फिर वाहन को आगे बढ़ाते हैं सिंग्रामपुर 2 किलोमीटर बनी रहती है।

### पशु मालिक नहीं दे रहे ध्यान

आवारा पशुओं को सड़क पर छोड़कर पशु मालिक चले जाते हैं उसके बाद उसे और ध्यान नहीं दिया जाता है जिससे आए दिन एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है जिससे आए दिन एक्सीडेंट से मवेशियों की मौत हो रही है।

## सूखा निसई में बाल ब्रह्म आत्मानंद जी का वर्षावास प्रारंभ



**दमोह।** श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई सूखा जी में बाल ब्रह्मचारी युवा रत्न आत्मानंद जी महाराज का वर्षावास संपन्न होने जा रहा है जिसकी मंगल कलश स्थापना 13 जुलाई 2025 को हुई प्रातः मंदिर विधि का आयोजन किया गया। मंदिर विधि के साथ धर्म उपदेश हुआ जिसको आत्मानंद जी महाराज ने संबोधित किया। धर्म उपदेश के पश्चात मां जिनवाणी जी की आरती की गई आरती के पश्चात चंदन तिलक सभी धर्म प्रेमी बंधुओ के मस्तिक पर लगाया गया। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया प्रचार मंत्री भूपेंद्र जैन ने बताया कि उक्त आयोजन में जहां दमोह जिले के लोग उपस्थित थे। वहीं दमोह जिले के बाहर के भी धर्म प्रेमी बंधु आए हुए थे कलश स्थापना के पूर्व आचार्य श्री तारण स्वामी जी द्वारा रचित 14 ग्रंथों का बहुमान पूर्वक मस्तक धारण कर चेत्यालय जी की 5 परिक्रमा की गई जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई निकली साथ आगंतुकों द्वारा जिनवाणी जी की जयकार की गई। तत्पश्चात सभी गाजे बाजे के साथ चेत्यालय जी आए जहां पर मंत्रोच्चार के साथ श्री मालरोहण जी ग्रंथ का अस्थाप किया गया। वर्षावास के समय में मालारोहण जी ग्रंथ की वाचन किया जाएगा , कार्यक्रम के समापन पर मंत्री के सी जैन ने सभीबका आभार व्यक्त किया।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के तत्वाधान में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा...

# विसंगतिपूर्ण ई-अटेंडेंस के विरोध में विशाल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलों में शिक्षक स्वाभिमान रैली एवं ज्ञापन का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम एक ज्ञापन माननीय जिला कलेक्टर महोदय को दिया गया जिसमें जिला दमोह के सभी विकास खंड से शिक्षक साथी उपस्थित हुए एवं एक विशाल रैली निकालकर ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में अनेक मांगों को रखा गया जिसमें ई-अटेंडेंस का विरोध, पुरानी पेंशन बहाली पदोन्नति एवं लंबित क्रमन्नति आदेश जारी हों अन्य विभागों की तरह शिक्षकों को भी भी शनिवार का अवकाश दिया जावे शिक्षकों को शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कार्यों से मुक्त रखा जावे शिक्षकों को कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की जावे। अनुकंपा नियुक्ति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना की जाय आईएफएमएस पोर्टल पर नियुक्ति दिनांक 01,07 2018 के स्थान पर प्रथम नियुक्ति दिनाक की जावे गुरु जी को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए इसके अलावा और भी अनेक लंबित अनेक मांगों को रखा गया मंच के माध्यम से अपनी बात रखते हुए शिक्षकों से यह आवाहन किया गया कि कल से काली पट्टी बांधकर सभी साथी विद्यालय में अध्यापन कार्य कराएंगे ताकि हमारा विरोध प्रदर्शित हो सके और चाहे ई अटेंडेंस के विरोध में कितने भी आदेश पारित हो हम ई अटेंडेंस नहीं लगाएंगे मध्य प्रदेश में किसी भी जिले में ई अटेंडेंस के संबंध में आदेश पारित नहीं हुआ है परंतु जिला दमोह में माननीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने आदेश प्रस्तांकित करते हुए ग्रुप के माध्यम से प्रसारित किया जिसके कारण संपूर्ण जिले के शिक्षकों में आक्रोश है हम सभी साथी ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाएंगे समय पर विद्यालय जाएंगे परंतु अपने स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं करेंगे और ई अटेंडेंस नहीं लगाएंगे ज्ञापन में सभी संगठनों के पदाधिकारी कर्मचारी एवं अन्य शिक्षक साथी एवं मातृ शक्तियां उपस्थिति रही मंच के माध्यम से अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए कहा गया कि यदि शिक्षक मध्य प्रदेश सरकार के प्रत्येक कार्यों को संपन्न कराने में सहयोग करता है जैसे जनगणना बीएलओ कार्य चुनाव इसके साथ-साथ प्राइवेट स्कूल से ज्यादा बच्चों का परीक्षा परिणाम शासकीय विद्यालयों का आ रहा है इसका अर्थ है कि शिक्षक ईमानदारी से कार्य कर रहा है इसके बाद भी सरकार शिक्षकों को संदेह की दृष्टि से देखती है आज के प्रदर्शन के बाद यदि सरकार अपना आदेश वापस नहीं लेती है तो भोपाल में बृहद मात्रा में आंदोलन किया जाएगा जिसमें मध्य प्रदेश के तीन लाख अध्यापक शिक्षक साथी एवं अन्य सभी कर्मचारी जो अटेंडेंस के विरोध में है भोपाल में प्रदर्शन में सम्मिलित होंगें। ज्ञापन के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभय भट्ट, जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी, प्रांत अध्यक्ष मनोहर दुबे, प्रहलाद चौधरी, सुरेन्द्र चौबे, महेंद्र दीक्षित, ऋषि शर्मा, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सीमांत मुडा, संयुक्त मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। मध्य प्रदेश व्याख्याता समग्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री आलोक सोनवलकर जी मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशन संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष एमएल सरिया संरक्षक आरके मिश्रा मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस से अमित सिंह मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस से रोशन नायक मध्य प्रदेश अजाक्स के पूर्व जिला अध्यक्ष दमोह मोहन आदर्श लिपिक संपर्क जिला अध्यक्ष, मध्य प्रदेश लिपक संघ के संरक्षक श्री राकेश हजारी जी मध्य प्रदेश स्थिति व कर्मचारी संघ से सत्यनारायण तिवारी विपिन तिवारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ से श्री संजीव ठाकुर श्री प्रवीण तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## न्यायालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ बिल्थरे निर्वाचित



**दमोह ।** दमोह जिला न्यायालय कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के निर्वाचन की प्रक्रिया में विश्वनाथ बिल्थरे जिला अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुये। उन्होने 56 मत प्राप्त करके जीत दर्ज कराई। जबकि उनके प्रतिद्वंदी जितेन्द्र यादव को 28 मत प्राप्त हुये। ज्ञात हो जिले के दमोह, हटा, पथरिया और तेंदूखेड़ा न्यायालय में 88 कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अपनी सेवायें दे रहे हैं, जिन्होने अपने मताधिकार का प्रयोग उक्त निर्वाचन की प्रक्रिया में करते हुये विश्वनाथ बिल्थरे को अपना अध्यक्ष चुना। संघ की प्रक्रिया एवं संविधान के अनुसार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विश्वनाथ बिल्थरे अपनी कार्यकारिणी घोषित करेंगे। विश्वनाथ बिल्थरे के चतुर्थ श्रेणी संघ के जिला अध्यक्ष निर्वाचन हो जाने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं समस्त न्यायाधीगण एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनी, उपाध्यक्ष मनोज पटेल, श्रीमती सुमन भट्ट, शांतनु राय, सचिव राजेन्द्र बिदौल्या, सतीश राय एवं सुरेन्द्र बरदिया, आलोक ठाकर, धर्मेन्द्र प्रजापति, अनिल स्वामी, पूर्व अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी संघ जितेन्द्र यादव एवं देवकी विश्वकर्मा, कृष्णा यादव, विजय चौबे, प्रभात द्विवेदी, मनीष ठाकुर, मंजीत सिंह परिहार, गोविन्द राठौर, शाहिल बेन, रामेश्वर दीक्षित, तुलसीदास पांडे, अशोक सिंह, महिपाल, बाबू सिंह, अमित खरे, आमिर खान, राजेश नायक, संजय दास, चंद्रशेखर, राजकुमार गौड़, धीर सिंह, नरेन्द्र सैनी, नरेन्द्र घारू, राजेन्द्र परिहार, अर्पित खरे, कैलाश तिवारी, अनुराग लोधी एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण द्वारा भी बधाई दी गई।